जनपद में सामुदायिक शौचालय के क्रियान्वयन का संक्षिप्त विवरण।

जनपद—बांदा

जनपद बांदा की समस्त 469 ग्राम पंचायतो के सामुदायिक शौचालयों के संचालन का दायित्व स्वयं सहायता समूह को सौपा गया है। प्रत्येक सामुदायिक शौचालय में एक केयर टेकर के रू0 6000/प्रतिमाह का भुगतान किया जाता है तथा सामुदायिक शौचालय की साफ—सफाई की सामग्री हेतु रू0 3000/— प्रति त्रैमास में ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्त समूह के खाते में हस्तान्तरण किया जाता है, जिससे सफाई सामग्री क्रय की जाती है। प्रतिमाह प्रत्येक सामुदायिक शौचालय का सत्यापन किया जाता है। जिसमें सामुदायिक शौचालय प्रतिदिन खुलने, जलापूर्ति की व्यवस्था, सफाई सामग्री की उपलब्धता एव केयर टेकर की उपस्थिति का सत्यापन किया जाता है। सत्यापन के दौरान कोई कमी पायी जाती है तो उसका निस्तारण एवं मरम्मत का कार्य तैनात सचिव, ग्राम पंचायत के माध्यम से ठीक कराया जाता है। केयर टेकर द्वारा नियमित सामुदायिक शौचालयों का संचालन नियत समय पर न करने पर भुगतान रोक दिया जाता है। ग्राम पंचायतों में टाइड फण्ड की पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने और नियमित संचालन पर ही केयर टेकर का भुगतान किया जाता है। ग्राम पंचायतो में शौचालयविहीन परिवारों को ओ0डी0एफ0 की निरन्तरता बनाए रखने हेतु सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जाता है।